# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा : 8 | हिन्दी | मार्च, 2021

समय : 1 घंटा | अंक : 25

(અ.નિ. : અધ્યયન નિષ્પતિ – Learning Outcome)

अ.नि. 'क्या', 'कौन', 'कहाँ', 'कैसे', वाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं । (05)

प्रश्न-1 प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. गुरुजी को लिखे पत्र में समाप्ति पर क्या लिखा जायेगा?
2. 'डायरी' से हम क्या जान सकते हैं ?
3. विद्या धन कैसे प्राप्त होता है ?
4. समस्या आने पर हमें क्या करना चाहिए ?
5. बाबा भारती की जगह आप होते तो क्या करते ?

अ.नि. छपी हुई सामग्री पढ़कर उसके भावार्थ को समझ सकते हैं । (05)

प्रश्न-2 निम्न्लिखित परिच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

> पशु–पक्षी जहाँ जन्म लेते हैं, उस देश को प्रेम करते हैं । जंगल में पैदा हुए किसी जानवर को भी आप पिंजरे में बंद कर सकते हैं, उसे लाख आराम पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं, पर वह सुखी नहीं हो सकता । उसे तो जंगल ही प्यारा लगता है और पंछी हो तो आकाश में उड़ना पसंद करता है । पिंजरे में बंद करने से कदापि सुखी नहीं हो सकता, क्योंकि उसका देश तो खुला आसमान, पेड़ों की शाखा में बनाया गया नीड़ है । वहाँ वह धूप, वर्षा और ठंड की कठिनाई सहकर भी सुखी रह सकता है ।

(1) पंछी को क्या पसंद नहीं है ?

(2) 'पंछी का घर ' के लिए कौन-सा शब्द है ?

(3) पशु को क्या प्यारा लगता है ?

(4) विलोम शब्द की सही जोड़ पहचानिए ।

(A) पसंद × अपसंद (B) धूप × धूआँ (C) देश × भारत (D) बंद × खुला

(5) प्रस्तुत परिच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए ।

अ.नि. उपसर्ग एवं प्रत्यय का उपयोग करके नए शब्द की संरचना कर सकते हैं ।

प्रश्न-3 दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग एवं प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाइए । (05)

(प्रति, निर्, इक, त्व)

(1) .......... + दिन = ...............

(2) .......... + आधार = ................

(3) समाज + ......... = ................

(4) मनुष्य + ........ = ................

(5) नगर + ......... = .................

अ.नि. पहेलियों का निर्माण करते हैं ।

प्रश्न-4 दिए गए शब्द मिले ऐसी पहेलियों का निर्माण कीजिए । (05)

(1) पतंग (2) पाठशाला

अ.नि. आवश्यकतानुसार किसी भी विषय पर पत्र लिख सकते हैं ।

प्रश्न-5 वर्तमान समस्या covid – 19 के बारे में अपने मित्र को पत्र लिखिए । (05)

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा : 8 | **हिन्दी** | सप्टेम्बर, 2020 |
| समय : **1** घंटा | | अंक : **25** |

**(અ.નિ.: અધ્યયન નિષ્પત્તિ- Learning Outcome)**

अ.नि. : विरूद्धार्थी शब्दों का वाक्य में प्रयोग करते हैं।

**प्रश्न-1 निम्नलिखित शब्दों का विरूद्धार्थी शब्द देकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।** ( 05 )

(1) प्रभात (2) शीतल (3) संभव (4) स्नेह (5) समझ

**अ.नि. :** चित्र का अवलोकन करके कहानी मौलिक रूप में लिखते हैं।

प्रश्न-2 **चित्रों का अवलोकन करके अपने शब्दों में कहानी लिखिए ।** ( 05 )



प्रश्न-2 प्रज्ञाचक्षु विद्यार्थी के लिऐ ।

**अपनी मनपसंद कहानी लिखो ।**

**अ.नि. :** शब्दकोश का उपयोग करते हैं।

प्रश्न-3 **सूचना अनुसार उत्तर लिखिए**

(1) शब्दकोश क्रम के मुताबिक प्रथम स्थान में आनेवाला शब्द ढूँढिए। (01)

स्वर ,सुख ,शृंखला, शांति

(2) शब्दकोश क्रम के मुताबिक सही विकल्प चुनिए। (01)

(A) क्षमता, डॉक्टर, दूध (B) समीक्षा, राष्ट्रभाषा, सूर्य

(C) धरा, धन, क्षमा (D) मंदिर, मित्र , मनुष्य

(3) शब्दकोश क्रम के मुताबिक तीसरे स्थान में आनेवाला शब्द ढूँढिए। (01)

भारती, कक्षा, मनोहर, रामायण

**(4)** शब्दकोश क्रम में लिखिए । (02)

क्षमा, ज्ञानी, कागजात, गमला, अंबर,आँगन

**अ.नि. :** परिच्छेद को पढ़कर समझते हैं।

**प्रश्न-4 निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (05)

प्रात:काल भ्रमण के लिए हर ऋतु तथा मौसम उपयुक्त होता हैं । प्रात:काल सर्दियों में भी अवश्य घूमना चाहिए । पैदल चलना भी एक तरह का व्यायाम ही है । हमें पुस्तकों में भी ऋषियों द्वारा ब्रह्म मुहूर्त में उठने तथा स्नान करने नदी तक जाने का वर्णन मिलता है । प्रात:काल उठने तथा भ्रमण करने से मनुष्य स्वस्थ, बलवान तथा बुद्धिमान बनता है । ऋषियों के दीर्घायु होने का रहस्य भी यही था । यह भ्रमण बालक, वृद्ध, युवा, नारी सबके लिए लाभदायी होता है । सभी का स्वास्थ्य अच्छा बनता हैं । **विद्यार्थीयों** को प्रात: उठकर भ्रमण करके अवश्य पढ़ना चाहिए । इस काल में पढ़ा हुआ आसानी से याद हो जाता है । इस प्रकार कम परिश्रम में ही वह अधिक पढ़ सकते हैं ।

प्रश्न:

(1) ऋषि-मुनि स्नान करने के लिए नदी तक पैदल चलकर क्यों जाते थे ?

(2) 'सुबह' शब्द का पर्यायवाची शब्द परिच्छेद में से ख़ोजकर लिखिए ।

(3) 'अल्पायु' शब्द का विलोम शब्द परिच्छेद में से ढूँढ़कर लिखिए ।

(4) हमारे अभ्यास के लिए कौन-सा समय अधिक अच्छा हैं ?

(5) परिच्छेद के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

**अ.नि. :** परिचित विषय पर अपने विचार लिखित रूप से व्यक्त करते हैं।

प्रश्न-5 **निम्नलिखित विषय पर 100 शब्दों में निबंध लिखिए।** (05)

(1) यदि मैं नेता होता तो...

....................................

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

**कक्षा : 8** **हिन्दी** **दिनांक : 18/02/2022**

**समय : 1 घंटा** **अंक : 25**

---

प्रश्न-1 निम्नलिखित उत्तर मिले ऐसी पहेलियों का निर्माण कीजिए। (05)

(1) सूरज (2) किताब

प्रश्न-2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (05)

(1) इन्सान को बाँटने का क्या अर्थ है ?

(2) कच्छ के रेगिस्तान की क्या विशेषता है ?

(3) चंदन के उदहारण द्वारा रहीम ने क्या कहा है ?

(4) समस्या आने पर हमें क्या करना चाहिए ?

(5) खडगसिंह का हृदय परिवर्तन क्यों हुआ ?

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों का वचन परिवर्तन करके वाक्य में प्रयोग कीजिए । (05)

(1) गमला (2) कहानी (3) तिथि (4) वस्तु (5) माला

प्रश्न-4 निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय पहचानिए और उसी अव्यय का प्रयोग करके एक वाक्य लिखिए । (05)

(1) परेश झटपट तैयार हो गया ।

(2) काव्या अल्पा से अच्छा खाना पकाती है ।

(3) राम के साथ लक्ष्मण भी वन में गए ।

(4) अरे ! क्या बात करते हो ?

(5) आप डॉक्टर बनना पसंद करोगे या शिक्षक ?

प्रश्न-5 अपने मित्र को जन्मदिन के कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। (05)

## शिक्षक के लिए :

| प्रश्न क्रमांक | अ. नि. क्रमांक | विधान |
|---|---|---|
| 1 | H819.01 | पहेलियों का निर्माण करते हैं। |
| 2 | H811.02 | ‘कौन’ कारक के रूपोंवाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं । |
| 3 | H823 | शब्द के वचन परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं । |
| 4 | H829 | अव्यय का अर्थ एवं उनके भेद समझकर उपयोग करते हैं । |
| 5 | H813 | आवश्यकता अनुसार किसी भी विषय पर पत्र लिखते हैं । |

# सामयिक मूल्यांकन कसौटी

कक्षा : 8 हिन्दी सितम्बर,2021

समय : 1 घंटा अंक : 25

.........................................................................................................................

**H8.11.02 : 'कौन ' कारक के रूपों वाले प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप से देते हैं ।**

**प्रश्न : 1 प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(05)**

(1) आप भगवान से क्या प्रार्थना करते हैं ?

(2) हामिद ने चिमटा ही क्यों ख़रीदा ?

(3) आप बड़े होकर क्या बनना चाहते है ? क्यों ?

(4) छात्रों के बड़े लक्ष्य की सिद्धि के लिए डॉ.कलाम ने क्या बताया ?

(5) देश के नव निर्माण के लिए आप क्या-क्या करना चाहोगे ?

**H8.07: परिच्छेद को पढ़कर समझते हैं।**

**प्रश्न : 2 निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (05)

मानव एक सामाजिक प्राणी है । परस्पर सहयोग की भावना ही जीवन का आधार है । पारस्परिक सहयोग के बिना समाज का कार्य चल ही नहीं सकता । इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि मन, वचन और कर्म से दूसरों के हित के लिए भी प्रयास करने को तत्पर रहे । प्रकृति का कण-कण परोपकार में लगा हुआ है । सूर्य खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है; वृक्ष स्वयं धूप सहकर पथिक को छाया प्रदान करते हैं; पेड़ दूसरों के लिए फल प्रदान करते हैं, स्वयं नहीं खाते; नदी अपना पानी स्वयं नहीं पीती । जो व्यक्ति केवल स्वार्थ में लिप्त है वह पशु के समान है । परोपकार के कारन ही ईसा मसीह सूली चढ़ें; परोपकार के लिए ही सुकरात ने जहर पिया तथा गाँधीजी ने गोलियाँ खाईं । मदर टेरेसा ने परोपकार के लिए ही अपना जीवन दीन,दुखियों की सेवा में लगा दिया । भारतीय संस्कृति में परोपकार को मानव कर्तव्य बताया गया है । हमारी संस्कृति में सबके सुख तथा कल्याण की कामना की जाती है तथा पूरी पृथ्वी को ही एक कुटुम्ब के रूप में माना जाता है । सच्चा मनुष्य वही है जो स्वयं के लिए ही न जिए, अपितु अपने जीवन काल में परोपकार भी करें । जिस देश में परोपकारी मनुष्य होते हैं, वे सदैव उन्नति को प्राप्त करते हैं ।

**प्रश्न :**

(1) पारस्परिक सहयोग के लिए मनुष्य को क्या करना चाहिए ?

(2) प्रकृति के कौन से तत्त्व परोपकार करते हैं ?

(3) इस परिच्छेदमें कौन से महापुरुषो के परोपकार की बात की गई है ?

(4) सच्चा मनुष्य बनने के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

(5) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए ।

**H8.22: शब्द के लिंग परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं ।**

**प्रश्न : 3 रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।** (05)

(1) छात्र पाठशाला में पढ़ने जा रहे हैं ।

(2) मालिन पौधों को पानी पीला रही है ।

(3) ब्रिटन के सम्राट कौन थे ?

(4) सेठानी खाना पकाती है।

(5) हाथी क़दावर जानवर है।

**H8.23: शब्द के वचन परिवर्तन के नियमानुसार वाक्य प्रयोग करते हैं ।**

**प्रश्न : 4 वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए ।** **(05)**

(1) मैंने कविता लिखी ।

(2) यह मेरी किताब है ।

(3) हम हररोज स्कूल जाते हैं ।

(4) माली बगीचे का ध्यान रखता है ।

(5) हाथी जंगल में देखने को मिलते हैं ।

**H8.20: अपूर्ण कहानी को पूर्ण करते हैं ।**

**प्रश्न : 5 अपूर्ण कहानी को पूर्ण कीजिए ।** **(05)**

एक गाँव था । गाँव में एक व्यापारी रहता था । व्यापारी हमेशा नई चीजें लाकर बेचता था, ताकि उसका व्यापार बढे और उसे ज्यादा मुनाफ़ा हो । एकबार व्यापारी एक ऐसी चीज बेचने के लिए लाया **...**

..................................................